8. सर्वनाम

वाक्यों में संज्ञा शब्दों का बार-बार प्रयोग भाषा को दुरूह तथा बोझिल बनाता है। साथ ही भाषा की सुंदरता को भी नष्ट करता है। भाषा की इस बोझिलता को दूर करने के लिए भाषा में सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किया जाता है। सर्वनामों द्वारा न केवल भाषा सुंदर बनती है बल्कि सरल भी बन जाती है।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका सर्वप्रथम पाठ पृष्ठ 37 पर दी गई सर्वनाम की दो पंक्तियों को पढ़ें और बच्चों को समझाएँ कि नाम शब्दों के स्थान पर जो शब्द प्रयोग किए जाते हैं, वे सर्वनाम होते हैं। तदुपरांत पृष्ठ पर दिए चित्र के वाक्यों को पढ़ें और सर्वनाम को स्पष्ट करें।
- सर्वनाम की परिभाषा बच्चों को याद करवाएँ तथा सर्वनाम शब्दों के उदाहरण– मैं, तुम, यह, वह, आप, उसे, कोई, कौन आदि भी बताएँ।
- बच्चों को समझाएँ, बोलने वाले व्यक्ति, सुनने वाले व्यक्ति तथा अन्य व्यक्ति जिसके बारे में बात हो रही होती है, इन सभी के लिए अलग-अलग सर्वनाम प्रयोग होते हैं। पृष्ठ 38 पर दिए भिन्न-भिन्न सर्वनाम शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
- समझाएँ, ये सर्वनाम कहाँ-कहाँ प्रयोग होते हैं। इसके लिए कक्षा में तीन-चार बच्चों को खड़ा करके कोई बातचीत करवाकर भी समझाया जा सकता है।
- सभी बच्चों का ध्यान केंद्रित करने के लिए बीच-बीच में प्रश्न पूछते रहें।
- 'आपने सीखा' के अंतर्गत दिए विषय बिंदुओं द्वारा सर्वनाम की दोहराई करवा लें।
- बच्चों द्वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें तथा यथासंभव सहायता करें।